

नवभारत 03
इंदौर, बुधवार, 11 फरवरी, 2026

## महाशिवरात्रि पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया जाएगा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं ज्योतिर्लिंग दर्शन के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने खण्डवा-इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के सम्बंध में आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार 14 फरवरी को सुबह 6 बजे से 16 फरवरी को रात्रि 12 बजे तक बुरहानपुर-खण्डवा से इन्दौर की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए देशगांव से खरगोन वाया कसरावद-खलघाट महू होते हुए इन्दौर के लिए रूट डायवर्ट रहेगा। इसी तरह इन्दौर से खण्डवा बुरहानपुर जाने वाले भारी वाहन महू से खलघाट कसरावद खरगोन वाया भीकनगांव से देशगांव होते हुए खण्डवा-बुरहानपुर की ओर जाएंगे। इस इस प्रतिबंधात्मक आदेश से दुग्ध वाहन, स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, पुलिस वाहन, फायर ब्रिगेड, पानी के टैंकर, आर्मी के वाहन, विद्युत प्रदाय कार्य में लगे वाहन, एलपीजी व पेट्रोलियम सम्बंधी वाहन, कृषि उपज मंडी में सब्जी ले जाने वाले वाहन तथा यात्री बसें जैसे आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को मुक्त रखा गया है।

## नर्मदा में जलप्रवाह नियमित करने के निर्देश जारी

नवभारत न्यूज

**खण्डवा** । महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना रहती है। अत: कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने महाशिवरात्रि पर्व पर एनएचडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाशिवरात्रि पर्व आयोजन अवधि में 14 फरवरी को सुबह 6 बजे से 16 फरवरी को रात्रि 8 बजे तक नर्मदा नदी का जलस्तर एकसमान व स्थिर रखा जाए, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अवधि में अधिकतम 3 टरबाइन चालू रखी जाएं तथा रात्रिकाल में विद्युत आपूर्ति की मांग कम होने की स्थिति में 3 से कम टरबाइन भी चलाई जा सकती हैं।

## पिपलोद में विधिक साक्षरता शिविर




नवभारत न्यूज

**खण्डवा** । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन में मंगलवार को ग्राम पंचायत पिपलोद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री पियूष भावे ने उपस्थित ग्रामीणजनों को न्यायालयीन प्रक्रिया, अपराध एवं गिरफ्तारी के विरुद्ध नागरिकों के अधिकार, यातायात नियम, हिट एंड रन प्रतिकार योजना जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह ने नि:शुल्क विधिक सहायता सम्बंधी योजनाओं, सायबर अपराध से बचाव, गुड टच एवं बेड टच जैसे संवेदनशील विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पिपलोद के सरपंच श्री जितेन्द्र चौहान, पैरा लीगल वॉलिंटियर श्री सत्य प्रकाश मिश्रा सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

## मार्कण्डेय संन्यास आश्रम की पहल : मां नर्मदा तट पर 11 कन्याओं का नि :शुल्क सामूहिक विवाह



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए मार्कण्डेय संन्यास आश्रम द्वारा मां नर्मदा तट स्थित अभय घाट पर नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 11 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। आश्रम की ओर से नवदंपतियों को विवाह वस्त्र, आवश्यक सामग्री एवं गृहस्थ जीवन के लिए उपयोगी घरेलू सामान भेंट किया गया। विवाह के बाद सभी के लिए प्रसादी भोजन और विधिवत विदाई की व्यवस्था की गई।

महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह कराना समाज सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे सहयोग और संवेदना की भावना मजबूत होती है। मां नर्मदा की कृपा से आश्रम पिछले तीन वर्षों से यह सेवा कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में संतों, भक्तों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा मनाएगी समर्पण दिवस, संगोष्ठी का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में इंदिरा चौक स्थित भाजपा कार्यालय में दोपहर 12 बजे संगोष्ठी आयोजित होगी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि हर वर्ष समर्पण दिवस के रूप में मनाई जाती है, जिसमें अंत्योदय के उनके विचारों को स्मरण किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान पंडित जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा आजीवन सहयोग निधि का शुभारंभ भी होगा। संगोष्ठी में जिले के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर पंडित जी के जीवन, विचार और समाज सेवा पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

# सूदखोर सकरगाये की चौखट पर जीतू चौधरी ने पिया जहर

### मौत से पहले बयां किया दर्द, मानसिक प्रताड़ना को नहीं झेल पा रहा हू

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर में ब्याज का धंधा अब मौत का व्यापार बन चुका है। साहूकारी के इस खूनी खेल ने एक और प्रतिष्ठित जान ले ली। इस बार शिकार कोई आम आदमी नहीं, बल्कि पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेता जितेंद्र (जीतू) चौधरी बने हैं। हद तो तब हो गई जब कर्ज और प्रताड़ना से तंग आकर जीतू ने अपने ही साथी और कांग्रेस नेता गणेश सकरगाये के घर पहुंचकर जहर गटक लिया।

**आरोपी की चौखट पर खत्म हुई जिंदगी :** सूत्रों के मुताबिक, जीतू चौधरी और गणेश सकरगाये के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि ब्याज और मूल रकम की वसूली के लिए



सकरगाये द्वारा बनाया जा रहा दबाव इतना असहनीय हो गया था कि जीतू ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

घटना वाले दिन जीतू, गणेश सकरगाये के घर पहुंचे थे। वहां क्या बातचीत हुई, यह जांच का विषय है, लेकिन वहीं उन्होंने जहर खा लिया। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी सांसें थम गईं।

**मरते वक्त खोली पोल:** गणेश ने जीना हराम कर दिया था- जिला अस्पताल में मौत से जूझते हुए जीतू चौधरी ने जो बयान दिया,



उसने शहर की राजनीति में भूचाल ला दिया है। अपने मृत्यु पूर्व बयान में उन्होंने स्पष्ट रूप से गणेश सकरगाये पर मानसिक प्रताड़ना और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता पर 5 प्रतिशत ब्याज लेने का आरोप मृत्यु पूर्व बयान में लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता गणेश सकरगाये से मेरा 50 लाख रुपए का लेन-देन है। गणेश 5त्न ब्याज लेता है। वह मकान बिकवाने की धमकी देता है। मेरी बेटी का रिश्ता तक तुड़वा दिया।

### खंडवा की धरती और सूदखोरी का खूनी इतिहास

जीतू चौधरी की मौत खंडवा के लिए नई नहीं है। यह शहर सूदखोरों की कब्रगाह बनता जा रहा है। शहर के आनंद नगर, सिंधी कॉलोनी, छिपा कॉलोनी, माताचौक, रामनगर और रामेश्वर रोड के कई लोग भी इसी ब्याज के चक्रव्यूह में फंसकर अपनी जान गंवा चुके हैं। हर मौत के बाद पुलिस फाइलें खोलती है, अभियान चलते हैं, लेकिन शहर के सफेदपोश सूदखोर फिर से अपना जाल फैला लेते हैं।

● **आखिरी कॉल:** पुलिस अब जीतू चौधरी के मोबाइल की कॉल डिटेल्स खंगाल रही है ताकि मौत से ठीक पहले उन पर बनाए गए दबाव के सबूत मिल सकें।

● **धारा 306 का फंदा:** कानूनी जानकारों के मुताबिक, मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर पुलिस गणेश सकरगाये पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर सकती है।



## कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जामकोटा निवासी नरेन्द्रसिंह राजपूत ने चार वर्ष पूर्व बिजली के करंट से भैंस की मौत के बावजूद राहत राशि नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी को नियमानुसार सहायता दिलाने के निर्देश दिए। वहीं पुनासा तहसील के बिजौरा निवासी उमेद सिंह कोरकू ने परिवार में कमाने वाले सदस्य के अभाव में आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक मदद सुनिश्चित करने को कहा गया। खंडवा निवासी हलीमा बेगम ने पूरा बिल जमा होने के बावजूद बिजली कनेक्शन काटे जाने की शिकायत की, जिससे बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। कलेक्टर ने मामले की जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 19 और बुधवारा वार्ड में अवैध निर्माण की शिकायतों पर नगर निगम आयुक्त को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# खंडवा में हाईवोल्टेज ड्रामा : पूर्व विधायक के सामने टावर पर चढ़ा किसान, सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के जूनापानी क्षेत्र में जमीन का विवाद उस वक्त जानलेवा संघर्ष और हाईवोल्टेज ड्रामे में तब्दील हो गया, जब प्रशासन के अमले और पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा को खेत पर कब्जा लेते देख एक किसान हाई टेंशन लाइन के टावर पर जा चढ़ा। सैकड़ों फीट ऊपर मौत के मुहाने पर खड़े किसान रोहित उर्फ पिंटू पाल ने वहां से चीख-चीखकर सिस्टम और सत्ता के रसूख पर गंभीर आरोप लगाए। किसान का कहना था कि जिस ढाई एकड़ जमीन पर उसका परिवार पिछले सौ सालों से खेती कर रहा है, उसे पूर्व विधायक ने अपने सियासी प्रभाव का इस्तेमाल कर छीन लिया है और अब प्रशासन के दम पर उन्हें बेदखल किया जा रहा है।

मौके पर मौजूद नजारा बेहद तनावपूर्ण था। एक तरफ नीचे पुलिस और राजस्व विभाग की भारी टीम खड़ी थी, तो दूसरी तरफ



टावर की ऊंचाई से किसान न्याय की गुहार लगा रहा था। पिंटू पाल ने आरोप लगाया कि प्रशासन रसूखदारों की कठपुतली बन गया है और उसकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। उसका कहना था कि यह जमीन ही उसके परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र जरिया है, जिसे हथियाने की कोशिश की जा रही है। वहीं दूसरी ओर, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा ने किसान के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया कि उन्होंने यह जमीन पूरी कानूनी प्रक्रिया और नियमों के तहत खरीदी है, और वे केवल अपने स्वामित्व वाली जमीन का कब्जा लेने पहुंचे थे। घंटों चले इस हंगामे ने प्रशासन के हाथ-पांव फुला दिए। अधिकारियों द्वारा काफी देर तक समझाने और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाने के बाद ही किसान टावर से नीचे उतरा। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर रसूखदारों और आम किसान के बीच के संघर्ष को सतह पर ला दिया है। फिलहाल प्रशासन ने मामले को शांत करवा दिया है, लेकिन बड़ा सवाल अब भी यही है कि क्या इस मामले में कागजी हकीकत जीतेगी या फिर पीढ़ियों से जमीन जोत रहे किसान का कब्जा बरकरार रहेगा।

## श्री गजानन महाराज का प्रगटोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर** - श्री गजानन महाराज शेगांव का 148वां प्रगटोत्सव ओंकारेश्वर में उत्साह के साथ मनाया गया। 2 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित इस सप्ताह भर के कार्यक्रम में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान एवं भजन-कीर्तन हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: मंगलवादन, काकड़ा आरती, महाअभिषेक-श्रृंगार और प्रात: आरती से हुई। इसके बाद श्री गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक पारायण, श्री तुकाराम गाथा भजन और मध्याह्न नैवेद्य आरती का आयोजन किया गया। शाम को हरिपाठ,



सायंकालीन आरती और रात्रि भजन से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मुख्य प्रगट दिवस ढोल-मृदंग और पुष्पवर्षा के साथ भव्य उत्सव मनाया गया। महानैवेद्य आरती एवं विशेष भोजन प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें ग्रामवासियों और आसपास से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री गजानन महाराज संस्थान शेगांव की ओंकारेश्वर शाखा में भव्य संगमरमर मंदिर, भक्त निवास, प्रसादालय सहित कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां दर्शनार्थियों एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए निशुल्क निवास, भोजन और सेवा व्यवस्थाएं संचालित की जाती हैं। संस्थान द्वारा धर्मार्थ चिकित्सालय, घाटों पर सुविधाएं और विभिन्न सामाजिक सेवाएं भी निरंतर की जा रही हैं।

## मर्यादा के दिल की सर्जरी से लौटी मुस्कान

नवभारत न्यूज



**खण्डवा,** 10 फरवरी 2026। आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। खण्डवा शहर के लाल चौकी क्षेत्र स्थित आदर्श नगर निवासी श्री जितेन्द्र कौशल की पुत्री मर्यादा को इस योजना के तहत नया जीवन मिला है। जन्म से ही हृदय में छेद की गंभीर बीमारी से जूझ रही बालिका की इन्दौर के अरविन्दो हॉस्पिटल में नि:शुल्क सर्जरी हुई, जिससे अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। जितेन्द्र कौशल ने बताया कि मर्यादा जब करीब 18 माह की थी, तब उसे उठने-बैठने और चलने में सांस फूलने लगती थी। जिला चिकित्सालय खण्डवा में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भूषण बांडे से जांच कराने पर ईको कार्डियोग्राफी में हृदय में छेद होने की पुष्टि हुई। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महंगे इलाज की चिंता परिवार को सताने लगी, लेकिन डॉक्टरों ने आयुष्मान भारत योजना की जानकारी देकर उम्मीद की नई किरण दिखाई राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत की स्वीकृति से 5 दिसंबर 2025 को इन्दौर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफल सर्जरी की। अब मर्यादा स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रही है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। जितेन्द्र कौशल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि आयुष्मान योजना ने उनकी बेटी को नया जीवन दिया है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

## अवैध शराब परिवहन के 6 आरोपी गिरफ्तार, 74 वाहन चालकों पर चालान

नवभारत न्यूज

**खंडवा** । पुलिस द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों एवं यातायात नियम उल्लंघन के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन में 09 फरवरी 2026 को विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 11 गिरफ्तारी वारंट, 41 जमानती वारंट एवं 75 समन तामील किए गए।

अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोतवाली, पंधाना, मूंदी, मांधाता एवं किल्लौद थाना क्षेत्रों से कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी शराब, देशी मदिरा, पावर बीयर तथा हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब सहित बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई। सभी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, नंबर प्लेट, वैध बीमा एवं अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 74 वाहन चालकों पर एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई तथा 31,200 रुपये समन शुल्क वसूला गया।

इसके अतिरिक्त 47 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर बाउंड ओवर किया गया। पुलिस ने नागरिकों से कानून एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की मुलाकात, खंडवा-मूँदी मार्ग निर्माण का मुद्दा से उठाया



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर भोपाल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस दौरान खंडवा-मूँदी मार्ग के शीघ्र निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, जिसे लेकर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।बैठक में क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क निर्माण तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खंडवा-मूँदी मार्ग के निर्माण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल तथा खंडवा विधायक भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## आविर्भाव महोत्सव ओंकारमठ आश्रम में जारी




नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर** । ओंकारेश्वर में परिक्रमा मार्ग पर पर्वत मार्ग पर ओंकार मठ आश्रम में 9 फरवरी से 17 फरवरी तक अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है । संकीर्तन में कोलकाता की संकीर्तन मंडली द्वारा ओंकारेश्वर में सुबह शोभायात्रा निकाली। रामस्वरूप किंकर ने बताया कि 17 फरवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे आरती 9-30 बजे नगर संकीर्तन 10 बजे श्री श्री ठाकुर की पादुका का पूजन दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा श्री भगवान अनंत श्री सीताराम दास ओंकार नाथ देव का 135 आविर्भाव महोत्सव ओंकारमठ आश्रम में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है मुकेश चतुर्वेदी अध्यक्ष अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय शाखा मध्य प्रदेश के अलावा इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संप्रदाय से जुड़े भक्त शामिल होंगे।